भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1740
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

लक्षद्वीप को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक गंतव्य के रूप में विकसित करना

1740 श्री ए. डी. सिंह:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या लक्षद्वीप को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक गंतव्य के रूप में विकसित किए जाने की अपार संभावनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके विकास की क्या संभावना है;

(ग) लक्षद्वीप को एक लोकप्रिय पर्यटक गंतव्य बनाने के लिए वहां हवाई और समुद्री संपर्क तथा अन्य अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान लक्षद्वीप में आने वाले घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या कितनी है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटक स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालांकि पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन सम्बन्धी अवसरंचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है। इन योजनाओं के तहत परियोजनाओं को राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श से विकास के लिए चिह्नित किया जाता है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता के अध्याधीन स्वीकृत किया जाता है।

एसडी 2.0 के तहत लक्षद्वीप को विकास के लिए चिह्नित किया गया है।

(ग): लक्षद्वीप में हवाई और समुद्री सम्पर्कता बढ़ाने के लिए निम्नलिखित पहलें शुरू की गई है:-

1. अगाती हवाईअड्डे का विकास और उन्नयन: गृह मंत्रालय (एमएचए) ने अगाती हवाईअड्डे के विकास और विस्तार के लिए सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन दिया है और

दिसम्बर 2022 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा डीपीआर तैयार की गई है।

2. लक्षद्वीप में सी प्लेन ऑपरेशन: आरसीएस- उड़ान के तहत नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) ने सी प्लेन ऑपरेशन के लिए वाटर ऐरोड्रोम्स के विकास हेतु मिनीकॉय, अगाती और कावारत्ती को चिह्नित किया है। एएआई ने सूचित किया है कि उड़ान 4.2 के तहत हवाई सम्पर्कता हेतु कल्पेनी, बित्रा, कदमत, किल्तन और बंगारम वाटर ऐरोड्रोम्स को चिह्नित किया गया है और मेसर्स स्पाइसजेट लि. को निम्नलिखित रूट सौंपे गए है:-

i. कल्पेनी-मिनिकॉय- कल्पेनी
ii. कावारत्ती- बित्रा- कावारत्ती
iii. कावारत्ती-कदमत- कावारत्ती
iv. कावारत्ती- कल्पेनी- कावारत्ती
v. कावारत्ती- किल्तन- कावारत्ती
vi. कोच्ची- बंगारम- कोच्ची
vii. कोच्ची- बित्रा- कोच्ची
viii. कोच्ची- कल्पेनी- कोच्ची

(घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों (यूटी) में की गई घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) की संख्या को इन राज्यों से प्राप्त सूचना के आधार पर संकलित करता है। वर्ष 2020, 2021 और 2022 के दौरान लक्षद्वीप की डीटीवी और एफटीवी सम्बन्धी जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष	डीटीवी (हजार में)	एफटीवी (हजार में)
2020	3.5	0.4
2021	135.4	0.0
2022	22.8	0.1
स्रोत: लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन		

****